प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1520बजे

ऑप्रेशन सिंदूर

भारतीय सशस्त्र बलों ने, पाकिस्तान की लगातार बढ़ती और भड़काऊ कार्रवाइयों के जवाब में उसके तकनीकी बुनियादी ढांचे, कमान और नियंत्रण केंद्र, रडार साइटों और हथियार भंडारण क्षेत्रों सहित सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले किए हैं। भारतीय लड़ाकू विमानों ने हवा से जमीन पर मार करने वाले हथियारों का इस्तेमाल करते हुए पाकिस्तान के रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान जैसे सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। आज नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रेस वार्ता में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों की ओर बढ़ते देखा गया है, जिसका स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान स्थिति को और बिगाड़ना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान की सभी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों का तत्परता और प्रभावी तरीके से जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने पसूर और सियालकोट एयरबेस पर रडार साइटों को भी निशाना बनाया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार और लड़ाकू विमानों से पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने इन हमलों को प्रभावकारी तरीके से नाकाम कर दिया है।

*पाकिस्तान द्वारा सैन्य ठिकानों को जानबूझ कर निशाना बनाने के पश्चात भारतीय सशस्त्र बलों ने त्वरित व सुनियोजित जवाबी हमले किए। टैक्नीकली इंस्टॉलेशंस कमांड एण्ड कंट्रोल सैंटर्स रडार साईट्स और हथियार भंडार को चुन कर निशाना बनाया गया। रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीमयार खान, सुकूर, पश्चुनिया स्थित पाक सैन्य ठिकानों पर एयर लॉंच्ड सटीक हथियारों, लड़ाकू जैट से प्रहार किए गए। पसूर स्थित राडार साईट और सियालकोट का एविएशन बेस भी प्रसिजन एमोनिशन से टारगेट किए गए। इन कार्रवाईयों के दौरान भारत ने कम से कम कोलेट्रल डैमेज की क्षति सुनिश्चित की।*

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने श्रीनगर से लेकर छलिया तक 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की और उधमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा में वायुसेना के ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने कल रात पंजाब के वायुसेना अड्डे को निशाना बनाने के लिए हाई–स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया और श्रीनगर, अवंतीपुर तथा उधमपुर में स्वास्थ्य केन्द्रों और स्कूलों को भी निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल तनाव नहीं बढ़ाना चाहते बशर्ते पाकिस्तान की ओर से भी इस तरह की कोई कार्रवाई न की जाए।

*पाकिस्तान ने हाई स्पीड मिसाईल सुबह एक बजकर 40 मिनट पर इस्तेमाल करके पंजाब के एयर बेस स्टेशन को दागने की कोशिश की। एक निंदनीय और अनप्रोफेशनल एक्ट के तहत पाकिस्तान ने श्रीनगर, अवंतीपुर और उधमपुर के वायु सेना अड्डों पर चिकित्सा केन्द्र और स्कूल परिसर को निशाना भी बनाया जिससे उसके द्वारा सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमला करने की गैर ज़िम्मेदाराना प्रवृति फिर उजागर हुई।*

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने भारतीय एस–400 हवाई रक्षा प्रणाली को नष्ट करने, सूरतगढ और सिरसा में हवाई क्षेत्रों को नष्ट करने के पाकिस्तान के झूठे दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने इन दावों को बेबुनियाद बताते हुए इसे पाकिस्तान के लगातार दुष्प्रचार का प्रयास बताया। प्रेस वार्ता के दौरान, भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार का जवाब देने के लिए अपने हवाई ठिकानों के ताजा चित्र भी जारी किए।

.......................................

विदेश सचिव

इस बीच, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान की उकसाने वाली कार्रवाई तनाव बढ़ाने वाली है और भारत ने इसका संयमित तरीके से जवाब दिया है। विदेश सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने का अपना घृणित और मनमाना अभियान जारी रखा है। उन्होंने धार्मिक स्थलों पर मिसाइल हमलों के पाकिस्तान के दावों को भी निराधार बताते हुए खारिज कर दिया। विदेश सचिव ने यह भी कहा कि पाकिस्तान यह बेबुनियाद आरोप लगा रहा है कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अफगान लोगों को याद दिलाने की जरूरत नहीं है और वे पूरी तरह से जानते हैं कि किस देश ने नागरिक और देश के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया।

.......................................

प्रधानमंत्री–बैठक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तीनों सेना प्रमुखों के साथ बैठक की। पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई के बीच यह बैठक नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई।

.......................................

शहीद

जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में आज सुबह पंजाब रेजिमेंट के सूबेदार कांगड़ा ज़िला निवासी मेजर पवन कुमार शहीद हो गए। वे कांगड़ा ज़िले की शाहपुर नगर पंचायत के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने मेजर पवन कुमार की शहादत पर दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि शहीद पवन कुमार

ने देश की एकता और समप्रभुता को बनाए रखने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और कृतज्ञ राष्ट्र उनके बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी।

.........................................

प्रतिभा सिंह

भारत–पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने लोगों से सरकार के सभी दिशा–निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि देशहित व अपनी सुरक्षा के लिए सभी को सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान के किसी भी हमले को विफल करने और इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी मुस्तैदी से तैयार है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ केन्द्र सरकार के हर एक फैसले के साथ मज़बूती से खड़ी है।

.........................................

प्रक्षेपास्त्र

ऊना ज़िले में अम्ब उपमण्डल के बेहड़, भटेड़ गांव के समीप आज सुबह एक प्रक्षेपास्त्र का मलबा बरामद हुआ है। प्रक्षेपास्त्र का ये मलबा माता चिंतपूर्णी मंदिर से करीब 10 किलोमीटर दूर बरामद हुआ है। उपायुक्त जतिन लाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और सेना के अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

.........................................

मॉकड्रिल

सोलन ज़िला प्रशासन ने आज शाम 8 बजे से साढ़े आठ बजे तक मॉकड्रिल करने का निर्णय लिया है। इस दौरान संपूर्ण ब्लैकआउट रहेगा और दुकानें, व्यापारिक संस्थान और होटल व ढाबे बंद रहेंगे। इस दौरान एक सायरन बजाया जाएगा जिसका उद्देश्य लोगों को अपने घरों में सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए सचेत करना है। सोलन की उपमण्डल अधिकारी पूनम बंसल ने बताया कि ये एकमात्र पूर्वाभ्यास होगा जिसके माध्यम से प्रशासन लोगों को ये बताना चाहता है कि वे एयर स्ट्राइक या अन्य किसी हमले के दौरान किस तरह से अपना बचाव कर सकते हैं।

.........................................

कुल्लू–मॉकड्रिल

वहीं दूसरी ओर, कुल्लू ज़िले के भुंतर हवाई अड्डे पर आज एयर रेड मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान हवाई अड्डा प्राधिकरण, केन्द्रिय औद्योगिक सुरक्षा बल, आई.टी.बी.पी., एयरलाईंस, आपदा प्रबंधन, होमगार्ड, अग्निशमन, पुलिस व ज़िला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग की टीमें शामिल रहीं। उपायुक्त तोरूल एस. रवीश ने बताया कि ज़िला प्रशासन के सभी विभाग व आपदा प्रबंधन प्राधिकरण किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर ज़रूरी दिशा–निर्देश भी जारी किए।

इस बीच, कुल्लू ज़िले में सुरक्षा कारणों से समस्त नागरिक ड्रोन संचालन को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यह प्रतिबंध 10 मई की मध्यरात्रि से प्रभाव में आएगा और अगले आदेश तक लागू रहेगा। प्रवक्ता ने सभी नागरिकों व संबंधित पक्षों से इस आदेश का कड़ाई से पालन करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

..........................................